>

Title: Need to take steps to rehabilitate the slum dwellers of Haldwani in district Nainital, Udhamsingh Nagar Parliamentary Constituency, Uttarakhand.

श्री के.सी.ंसह 'बाबा' (नैनीताल-उधमसिंह नगर): माननीय अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से अपने निर्वाचन क्षेत्र के लाल कुआँ एवं हल्द्वानी, जिला नैनीताल की मलिन बस्तियों में निवास करने वाले परिवारों को केन्द्र सरकार के जवाहरलाल नेहरू अर्बन रिन्यूअल मिशन के अंतर्गत पुनर्वासित करने के संबंध में सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ। मेरे संसदीय क्षेत्र हल्द्वानी शहर के रेलवे स्टेशन के समीप लगभग 30 वर्षों से करीब 2000 परिवार टाट व प्लास्टिक के टैन्टों में अपना जीवन बसर कर रहे हैं। लाल कुआँ एवं हल्द्वानी में शीघ्र ही रेल मार्ग का विस्तार होने जा रहा है जिस कारण इन परिवारों को बेघर होना पड़ेगा। मेरा सरकार से अनुरोध है कि इन गरीब परिवारों को जवाहरलाल नेहरू अर्बन रिन्यूअल मिशन के तहत पुनर्वासित कर इस समस्या का हल किया जाए। इस संबंध में उत्तराखंड सरकार द्वारा भी केन्द्र सरकार को पूर्व में प्रस्ताव प्रेषित किया गया है।

महोदया, आपके माध्यम से मैं केन्द्र सरकार से पुनः आग्रह करना चाहता हूँ कि इस लोकहित के अति महत्वपूर्ण मामले पर हस्तक्षेप करें। इन गरीब, बेघर एवं भूमिहीन लोगों को केन्द्र सरकार के जवाहरलाल नेहरू अर्बन रिन्यूअल मिशन या किसी भी अन्य केन्द्रीय आवास योजना के अंतर्गत पुनर्वासित करें जिससे इन गरीब लोगों का भविष्य सुनिश्चित हो सके। धन्यवाद।